INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 2nd Lang	Department: Hindi	Date of submission:
Worksheet No: 1	Topic: अपठित अर्थग्रहण	Note: Pl File in portfolio

प्रश्न-दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए|

दैनिक जीवन में हम अनेक लोगों से मिलते हैं जो विभिन्न प्रकार के काम करते हैं| जैसे कि सड़क पर ठेला लगाने वाला, दूधवाला, नगर निगम के सफाई कर्मी, बस कंडक्टर, स्कूल अध्यापक, हमारे सहपाठी और ऐसे ही कई अन्य लोग। शिक्षा, वेतन, परंपरागत चलन और व्यवसाय के स्तर पर कुछ लोग निम्न स्तर पर कार्य करते हैं तो कुछ उच्च स्तर पर। एक माली के कार्य को सरकारी कार्यालय के किसी सचिव के कार्य से अति निम्न स्तर का माना जाता है, किन्तु यदि सचिव अपने कार्य को कुशलतापूर्वक नहीं करता है और उत्कृष्ट सेवाओं में ढिलाई बरतता है तथा अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह नहीं करता तो क्या आप ऐसे सचिव को एक आदर्श अधिकारी कह सकते हैं? वास्तव में पद महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि महत्वपूर्ण होता है कार्य के प्रति समर्पण भाव और कार्य-प्रणाली में पारदर्शिता।

इस संदर्भ में गाँधीजी से उत्कृष्ट उदाहरण और किसका दिया जा सकता है, जिन्होंने अपने हर कार्य को गरिमामय मानते हुए किया। वे अपने सहयोगियों को श्रम की गरिमा की सीख दिया करते थे। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय लोगों के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने सफाई करने जैसे कार्य को भी कभी नीचा नहीं समझा और इसी कारण स्वयं उनकी पत्नी कस्तूरबा से भी उनके मतभेद हो गए थे।

बाबा आमटे ने समाज द्वारा तिरस्कृत कुष्ठ रोगियों की सेवा में अपना समस्त जीवन समर्पित कर दिया। सुंदरलाल बहुगुणा ने 'चिपको आन्दोलन' के माध्यम से पेड़ों को संरक्षण प्रदान किया। फादर डेमियन ऑफ मोलोकाई, मार्टिन लूथर किंग और मदर टेरेसा – जैसी महान आत्माओं ने इसी तरह के सत्य को स्वीकार किया।

इनमें से किसी ने भी कोई सत्ता प्राप्त नहीं की, बल्कि अपने जन कल्याणकारी कार्यों से लोगों के दिलों पर राज किया। गाँधी जी का स्वतंत्रता के लिए संघर्ष उनके जीवन का एक पहलू है, किन्तु उनका मानसिक स्तर वास्तव में एक राष्ट्र की सीमाओं में बंधा हुआ नहीं था।

उन्होंने सभी लोगों में ईश्वर के दर्शन किए। यही कारण था कि कभी, किसी पंचायत तक के सदस्य नहीं बनने वाले गाँधीजी की जब मृत्यु हुई तो अमेरिका का राष्ट्रध्वज भी झुका दिया गया था।

प्रश्न 1. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।

उत्तर- ---

प्रश्न 2. विभिन्न व्यवसाय करनेवाले लोगों के कार्यों को समाज में निम्न स्तर और उच्च स्तर को किस आधार पर तय किया जाता है?

उत्तर- ---

प्रश्न 3. एक माली तथा सफाई कमी का कार्य किसी सचिव के कार्य से बेहतर कैसे माना जा सकता है?

उत्तर- ---

प्रश्न 4. उस संदर्भ का उल्लेख कीजिए जिसके कारण गाँधी जी का अपनी पत्नी से मतभेद हो गया था|

उत्तर- ---

प्रश्न 6. बाबा आमटे और सुंदरलाल बहुगुणा किन महत्वपूर्ण कार्यों के लिए जाने जाते हैं?

उत्तर- ---

प्रश्न 7. गाँधीजी की मृत्यु पर अमेरिका ने उनके सम्मान में क्या किया था और क्यों ?

उत्तर- ---